अब सीखना और भी सरल — हर पाठ्यपुस्तक के साथ, हाथ से उपयोग होने वाला एक छोटा उपकरण है जो चार्जेबल, मजबूत और प्रयोग में सहज होने के साथ साथ,सरलता से एक स्थान से दुसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है।



1. **डिवाइस को ऑन और ऑफ करें:** रीडर को बंद अथवा शुरु करने के लिए बटन को कुछ समय तक दबाएं रखें।
2. **USB पोर्ट:** यह रीडर को चार्जर या कंप्यूटर से जोड़ता है।
3. **ईयर जैक:** हेडफोन और स्पीकर को यहां से जोड़ा जा सकता है।
4. **म्यूजिक प्लेयर:** इस बटन को दबाने के बाद आप 'सब पढ़े, सब बढ़े' वाक्यांश सुन सकते हैं।
5. **उच्चारण तुलना करें:** संबंधित शब्द को छूकर और बोलकर अपने उच्चारण की तुलना करें।
6. **पृष्ठ संख्या:** पेज नंबर ऑडियो, प्रिंट और ब्रेल में उपलब्ध होते हैं।
7. **ध्वनि बढ़ाने/घटाने के लिए बटन:** ध्वनि बढ़ाने/ घटाने के लिए वॉल्यूम अप/वॉल्यूम डाउन बटन दबाएँ।

'आइए, शिक्षा को अलगाव से सहभागिता की ओर ले जाने के लिए एक कदम बढ़ाएं।'

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (CIET),
राष्ट्रीय शैक्षिक परिषद शोध और प्रशिक्षण (NCERT)
श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली - 110016

फोन: +91 11 2696 2580, फैक्स: +91 11 2686 4141, ईमेल: jdciet.ncert@nic.in,
ncert.nic.in | ciet.nic.in
PMeVIDYA IVRS : #8800440559, Manodarpan IVRS : #8448440632

शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
MINISTRY OF EDUCATION
Department of School Education & Literacy

एन सी ई आर टी NCERT

किताब एक पढ़े अनेक | Kitaab Ek Padhe Anek

स्पर्श और ध्वनि पाठ्यपुस्तकें – समावेशी शिक्षा के लिए यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग (UDL) पर आधारित

किताब एक, पढ़े अनेक (KEPA) एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य, यूनिवर्सल डिज़ाइन फॉर लर्निंग (UDL) पर आधारित, ऐसी सशक्त और सुलभ पाठ्यपुस्तकें बनाना है, जो हाथ से उपयोग किये जाने वाले छोटे उपकरण के माध्यम से जीवंत हो जाती है। इन पुस्तकों में समाहित सुगम्यता की विशेषताएं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उस सोच को साकार करती है, जो सहायक तकनीकों और बहुआयामी सामग्री को सीखने के अहम साधन के रूप में प्रोत्साहित करती है। यह सिर्फ एक पाठ्यपुस्तक नही, बल्कि शिक्षा को अलगाव से सहभागिता की ओर ले जाने वाली एक प्रेरक पहल है।



केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (CIET),
राष्ट्रीय शैक्षिक परिषद शोध और प्रशिक्षण (NCERT)
श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली - 110016

फोन: +91 11 2696 2580, फैक्स: +91 11 2686 4141, ईमेल: jdciet.ncert@nic.in,
ncert.nic.in | ciet.nic.in
PMeVIDYA IVRS : #8800440559, Manodarpan IVRS : #8448440632

‘सभी’ के लिए स्पर्श और ध्वनि पाठ्यपुस्तकों की विशेषताएं

A. स्पर्श बिंदु और चिन्ह

पृष्ठ सूचना चिन्ह

आपको यह स्पर्श चिन्ह पृष्ठ के बाएं कोने पर मिलेगा, इस चिन्ह पर स्मार्ट स्पीक रीडर को रखने से आपको उस पृष्ठ पर स्पर्श बिंदुओं से संबंधित जानकारी मिलेगी।

चित्र चिन्ह

रीडर को इस चिन्ह पर रखने से आपको चित्र का संक्षिप्त वर्णन मिल जायेगा।

पाठ चिन्ह

इस चिन्ह पर रीडर को रखने से आप छपे हुए शब्दों को सुन सकते है।

कठिन शब्द चिन्ह

इस चिन्ह पर रीडर रखने से आप कठिन शब्दों का अर्थ जान पाएंगे।

अधिक जाने

इस चिन्ह पर रीडर रखने से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी।

B. सुगम्यता संबंधी अन्य विशेषताएँ

क्यूआर कोड्स

इन कोड्स को स्कैन करके भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) में UDL आधारित ऐसे पाठ देखा जा सकता है, जो सभी शिक्षार्थियों के लिए समावेशी और समतामूलक पहुँच सुनिश्चित करता है।

ब्रेल पृष्ठ संख्या

सुगम पृष्ट पहुँच हेतु ब्रेल में पृष्ठ संख्या जोड़ी गई है।

आवश्यकतानुसार अनुकूलन

दिए गए अभ्यास प्रश्न श्रवण रूप में इस तरह से रूपांतरित किए गए हैं, जिन्हे विशेष आवश्यकता वाले बच्चें (CwSN) स्वतंत्र रूप से हल कर सकते हैं।

सामाजिक सहभागिता के चैतन्य अवसर

छात्रों को अभ्यास के समाधान खोजने के लिए साथियों और शिक्षकों के साथ चर्चा करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से प्रोत्साहित किया गया है।

स्पर्श-सक्षम चित्र

चित्रों को स्पर्श के माध्यम से समझने योग्य बनाने के लिए विभिन्न स्पर्शी नमूने शामिल किए गए हैं।

तकनीक जो पढ़ाती भी है, किताब एक - सीखें भिन्न तरीकों से

प्रश्नों की स्पष्ट संख्या, चित्र विभाजक और वैकल्पिक प्रश्नों सहित सरलीकृत सामग्री के साथ किताबों को मुद्रित और श्रव्य दोनों रूपों में सुलभ, सुगम्य और आकर्षक बनाया गया है।